दिनांक- 19.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 79/26

महोबा पुलिस

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा साप्ताहिक परेड का निरीक्षण, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं पर विशेष जोर

आज दिनांक 19.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वंदना सिंह द्वारा पुलिस लाइन, महोबा में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण की गई। तत्पश्चात उनके द्वारा परेड का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा पुलिस कर्मियों से सुदृढ़, सुसंगठित एवं अनुशासित परेड कराई गई।

परेड के दौरान उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सदैव सक्षम रहने हेतु प्रेरित किया तथा इसी क्रम में जवानों की दौड़ भी कराई गई, जिससे उनमें कार्य के प्रति उत्साह एवं ऊर्जा का संचार बना रहे।

परेड उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए परिवहन शाखा, मेस, कैंटीन एवं आरओ प्लांट का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता का आंकलन करते हुए संबंधित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त क्वार्टर गार्ड एवं आदेश कक्ष का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों/रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को उच्च कोटि का अनुशासन बनाए रखने, कर्तव्य के प्रति सजग रहने तथा बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



दिनांक- 19.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 80/26

महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न, सुरक्षा, सतर्कता एवं जनसहयोग को लेकर पुलिस अधीक्षक महोबा ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

- आज दिनांक 19.05.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह द्वारा जनपद महोबा में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के विभिन्न होटल एवं ढाबा संचालकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

- बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी संचालकों से परस्पर संवाद स्थापित करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया गया तथा उनके प्रतिष्ठानों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर होटल एवं ढाबा संचालकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा पुलिस सुरक्षा एवं जनसहयोग के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए। सभी संचालकों द्वारा पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया गया।

- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा वर्तमान भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए सभी होटल एवं ढाबा संचालकों से अपने-अपने प्रतिष्ठानों में आवश्यक अग्निशमन उपकरण (फायर सेफ्टी उपकरण) अनिवार्य रूप से स्थापित करने की अपील की गई, जिससे किसी भी अग्निकांड अथवा आकस्मिक घटना की स्थिति में समय रहते प्रभावी बचाव सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही संस्थानों में समय-समय पर फायर ड्रिल आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

- बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सभी प्रतिष्ठानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, उनके नियमित संचालन की निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार कंट्रोल रूम व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गए।

- अवांछनीय एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सभी संचालकों को अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही होटल में ठहरने वाले व्यक्तियों का पूर्ण विवरण सुरक्षित रखने, संदिग्ध व्यक्तियों को ठहराने से बचने एवं नाबालिगों को बिना वैधानिक प्रक्रिया के कमरे आवंटित न किए जाने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की अवैध अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी संचालकों से अपील की गई कि वे अपने आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध परिस्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा संबंधित थाने को दें।

- इसके अतिरिक्त होटल एवं ढाबों के आसपास वाहन पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने, पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने तथा यातायात बाधित न होने देने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिष्ठान जनसुविधा के केंद्र बनें, असुविधा अथवा अव्यवस्था का कारण नहीं।

- इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी अपराध/साइबर श्री गौरव उपाध्याय सहित जनपद महोबा के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए होटल एवं ढाबा संचालक उपस्थित रहे।